4 नवभारत टाइम्स
फरीदाबाद। शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

Advertorial, Entertainment

गौरवान्वित हुआ है।

# अग्रवाल कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

**NBT न्यूज, फरीदाबाद :** बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज की विंग एक में बी कॉम व एम कॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता, विंग एक के प्रभारी सचिन गर्ग व विभाग अध्यक्ष डॉ. सीमा मलिक के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया, जिसमें कई तरह के इवेंट आयोजित किए गए। जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों को भावनात्मक विदाई दी।